मॉक ड्रिल के तहत प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय की तीसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने का परिदृश्य तैयार किया गया। जैसे ही आपातकालीन सायरन बजा, अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित सुरक्षित मार्गों से तुरंत बाहर निकले। सचिवालय में उपस्थित आम जनता ने भी धैर्यपूर्वक इस प्रक्रिया का पालन किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए यह सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी ना हो।

जिला आपातकालीन संचालन केंद्र ऊना से सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। साथ ही, होम गार्ड के कर्मचारी खोज एवं बचाव कार्य में जुट गए। इस मॉक ड्रिल के दौरान सांकेतिक तौर पर घायल हुए, चार व्यक्तियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया गया। इस मॉक ड्रिल में कमांडेंट होम गार्ड मेजर विकास सकलानी, एएसपी संजीव भाटिया, बटालियन प्रशासनिक अधिकारी धीरज शर्मा, डीडीएमए की समन्वयक सुमन चहल, एसएफओ सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौकीमन्यार महाविद्यालय में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन और व्यक्तिगत सुरक्षा प्रति किया जागरूक

**सवेरा न्यूज/अश्वनी**

प्राचार्य बलविंदर सिंह राणा विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन में निकासी योजना के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए। सतविन्द्र लट्ठ

जोल, 14 अक्तूबर : राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में आपदा प्रबंधन क्लब में समर्थ अभियान के अंतर्गत एक व्यापक अग्नि अभ्यास आयोजित किया गया। यह अभ्यास विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों में सही तरीके से प्रतिक्रिया करने के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से किया गया। इस अग्नि अभ्यास के अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने कॉलेज की इमारत से निकासी योजना के तहत तेजी से और सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला। मैदान में एकत्रित होने के बाद सभी विद्यार्थियों ने अपनी संख्या गिनी और घायल विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रदान की। यह अभ्यास न केवल एक आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक कौशल सिखाने में सहायक था, बल्कि विद्यार्थियों में टीमवर्क और सहयोग की भावना को बढ़ाने में मददगार रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य बलविंदर सिंह राणा ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन में निकासी योजना के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अग्नि त्रासदी के दौरान धैर्य और सही निर्णय लेने की क्षमता कितनी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के माध्यम से समझाया था कि कैसे सही तैयारी और अभ्यास से हम ऐसी परिस्थितियों में बेहतर तरीके से निपट सकते हैं। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य और शिक्षक वर्ग जिसमें प्रोफेसर कविता कौशल, डॉक्टर रामकुमार नेगी और डॉक्टर राम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उनकी तैयारी के सराहना की। इस आयोजन में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन की प्रतिक्रियाओं को समझने और उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का अनूठा अवसर प्रदान किया। महाविद्यालय में भविष्य में भी इस तरह के अभ्यास आयोजित करने की योजना बनाई है, ताकि सभी विद्यार्थियों को हर प्रकार की आपात स्थिति का सामना करने के लिए सुसज्जित किया जा सके।


पंजाब केसरी TUE, 15 OCTOBER 2024
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 3

मंगलवार TUESDAY, 15 अक्तूबर 2024 ऊना केसरी www.punjabkesari.in III


# आग से सुरक्षा की तकनीकों के बारे में अवगत कराया

बंगाणा : धानाकलों सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आपदा प्रबंधन विषय पर मॉकड्रिल करते स्वयंसेवक चित्र में। (शर्मा)

संतोषगढ़ : भटोली कालेज में अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर उपस्थित अग्निशमन विभाग के अधिकारी, कालेज स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं सामूहिक चित्र में। (मनीश)

अम्ब : कालेज में आपदा प्रबन्धन के तहत आयोजित मॉकड्रिल के दौरान दमकल टीम प्राचार्य प्रोफैसर दर्शन कुमार, प्राध्यापक वर्ग के सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ। (अश्विनी)

नंगल जरियालां : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनारी में मॉकड्रिल में हिस्सा लेते हुए विद्यार्थी। (दीपक)

दौलतपुर चौक : दौलतपुर चौक स्कूल के विद्यार्थी अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल में जानकारी हासिल करते हुए। (परमार)

ऊना: मिनी सचिवालय में मॉकड्रिल के दौरान अधिकारी एवं दमकल विभाग के कर्मी। (विनोद)

## जिले में कई जगह मॉक ड्रिल करवाई

ऊना, 14 अक्तूबर (सुरेन्द्र): अंतर्राष्ट्रीय जोखिम न्यूनीकरण दिवस और समर्थ-2024 अभियान के तहत सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा मिनी सचिवालय में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त (ए.डी.सी.) महेंद्र पाल गुर्जर की देखरेख में आयोजित इस मॉकड्रिल में मिनी सचिवालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह मॉकड्रिल आग जैसी आपदाओं के दौरान सुरक्षा तैयारियों का आकलन करने और जन जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित थी, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में जानमाल की सुरक्षा प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जा सके।

महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन के प्रति तैयारियों का मूल्यांकन करना और जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यासों से न केवल अधिकारी और कर्मचारी बल्कि आम जनता भी आपातकालीन स्थितियों में सतर्क और तैयार रहती है, जिससे जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है।

### यह था मॉकड्रिल का परिदृश्य

मॉकड्रिल के तहत प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय की तीसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने का परिदृश्य तैयार किया गया। जैसे ही आपातकालीन सायरन बजा तो अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित सुरक्षित मार्गों से तुरंत बाहर निकले। सचिवालय में उपस्थित आम जनता ने भी धैर्यपूर्वक इस प्रक्रिया का पालन किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए यह सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी न हो। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र ऊना से सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। साथ ही, होमगार्ड के कर्मचारी खोज एवं बचाव कार्य में जुट गए। इस मॉकड्रिल के दौरान सांकेतिक तौर पर घायल हुए 4 व्यक्तियों को सुरक्षित रैस्क्यू कर प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रैफर किया गया। इस मॉकड्रिल में कमांडेंट होमगार्ड मेजर विकास सकलानी, ए.एस.पी. संजीव भाटिया, बटालियन प्रशासनिक अधिकारी धीरज शर्मा, डी.डी.एम.ए. की समन्वयक सुमन चहल व एस.एफ.ओ. सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**संतोषगढ़, (मनीश):** श्री विष्णु सनातन धर्म स्नातकोत्तर महाविद्यालय भटोली तथा अग्निशमन विभाग ऊना के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस समर्थ-2024 के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डाक्टर अरविंद शर्मा ने कहा कि 13 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनतमीकरण दिवस 2024, नागरिकों की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य युवाओं को प्राकृतिक आपदाओं से स्वयं की रक्षा करने तथा समाज की रक्षा करने के बारे में जागरूक करना है। लाइव प्रदर्शन में अग्निशमन विभाग के राकेश कुमार, विजय कुमार, चंद्र मोहन प्रशामक तथा ड्राइवर अमित कुमार ने अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर विनोद कुमार, प्रोफैसर बिट्टू शर्मा, प्रोफैसर उमेश लठ, प्रोफैसर पूनम शर्मा व प्रोफैसर अनु वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**अम्ब, (अश्विनी):** दमकल विभाग ने विभिन्न संस्थाओं में आपदा प्रबन्धन पर मॉकड्रिल जागरूकता शिविर लगाए। सोमवार को एस.डी.एम. अम्ब कार्यालय, स्थानीय कालेज और पॉलीटैक्नीक कालेज अम्बोटा में आयोजित शिविर में आग से सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया। परिशामक लक्की चौधरी, परिशामक मनोहर जसवाल, गृह रक्षक धर्मपाल व चालक दलजीत पर आधारित टीम ने कर्मचारियों और छात्रों को आग से सुरक्षा की महत्वपूर्ण बातें और तरह-तरह की तकनीकों के बारे में अवगत करवाया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफैसर दर्शन कुमार ने इस आग सुरक्षा मॉकड्रिल के आयोजन की सराहना की और छात्रों से आग सुरक्षा के मामलों में सजगता बढ़ाने की अपील की। इस मॉकड्रिल ने छात्रों को आग सुरक्षा के महत्व और उससे जुड़े जोखिमों को समझने में मदद की।

**जोल, (नरेन्द्र):** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में आपदा प्रबंधन क्लब ने समर्थ-2024 अभियान के अंतर्गत एक व्यापक अग्नि अभ्यास आयोजित किया। यह अभ्यास विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों में सही तरीके से प्रतिक्रिया करने के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से किया गया। इस अग्नि अभ्यास के अवसर पर महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी कालेज की इमारत से निकासी योजना के तहत तेजी से और सुरक्षित तरीके से बाहर निकले। मैदान में एकत्रित होने के बाद सभी विद्यार्थियों ने अपनी संख्या गिनी और घायल विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की। प्राचार्य डा. बलविंदर सिंह राणा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन में निकासी योजना के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य और शिक्षक वर्ग में प्रो. कविता कौशल, डा. राम कुमार नेगी और डा. राम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**नंगल जरियालां, (दीपक):** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनारी में सोमवार को भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से तुरंत निपटने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल प्रशासन की अगुवाई में एन.एस.एस. स्वयंसेवियों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मॉकड्रिल में आपदा के दौरान भवनों में फंसे लोगों को कैसे तुरंत सुरक्षित रैस्क्यू किया जा सकता है, इस पूर्वाभ्यास के माध्यम से दिखाया गया। आपदा प्रबंधन के समन्वयक तरुण ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए सोमवार को पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया, ताकि किसी भी आपदा के समय कैसे त्वरित कार्रवाई हो, यह मॉकड्रिल के माध्यम से दर्शाया गया।

**दौलतपुर चौक, (परमार):** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना के निर्देशानुसार पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक में अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल जन जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम समर्थ-2024 के अंतर्गत आयोजित की गई। इसमें लगभग 80 विद्यार्थियों को मॉकड्रिल के माध्यम से जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रवक्ता जसबीर सिंह, डी.पी. मनोज कुमार, हितेश कुमार, प्रवेश, भुवनेश शर्मा, अमित शास्त्री व टेक चंद आदि उपस्थित रहे।

**बंगाणा, (शर्मा):** धानाकलों सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चल रहे एन.एस.एस. शिविर में सोमवार को स्वयं सेवकों ने आपदा प्रबंधन विषय पर मॉकड्रिल की। इस रिहर्सल के दौरान स्वयं सेवकों ने आपदा की स्थिति में किस प्रकार से आग में, बाढ़ में फंसे तथा दुर्घटना में घायल का बचाव व कैसे मदद करनी है, इस पर स्वयं सेवकों को जागरूक किया गया। सुबह भजन-कीर्तन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर प्रिंसीपल संजीव पराशर व एन.एस.एस. प्रभारी नंद लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पेखूबेला में आग लगने पर किया बचाव का अभ्यास

ऊना, 14 अक्तूबर (सुरेन्द्र): न्यू एंजल आई.टी.आई. पेखूबेला में सोमवार को स्टाफ व छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस मनाया। इस अवसर पर उन्होंने पर आग लगने पर बचाव का अभ्यास किया, जिसमें विभिन्न ट्रेडों के छात्रों व आपदा प्रबंधन के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान जानकारी दी गई कि आग लगने पर कैसे बचाव करना चाहिए और क्या-क्या तरीके अपनाने चाहिए।


पंजाब केसरी WED, 16 OCTOBER 2024
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 3


# रायपुर मैदान तथा संहाल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और ग्लोबल हैंड वाशिंग दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित

बंगाणा : रायपुर मैदान सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आपदा प्रबंधन विषय पर आयोजित मॉक ड्रिल में भाग लेते विद्यार्थी। (शर्मा)

बंगाणा, 15 अक्तूबर (शर्मा): राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान तथा संहाल में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और ग्लोबल हैंड वाशिंग दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों को जागृत करने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भूकंप और अग्निकांड जैसी आपदाओं पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। प्रधानाचार्य नरदेव सिंह ने बताया कि नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम, नवीन ने द्वितीय तथा अदिति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय हैंड वाशिंग दिवस के उपलक्ष्य पर शिक्षक सुरेश कुमार ने बच्चों को हाथ धोने की 7 विधियां भी सिखाईं। इस प्रतियोगिता में कृतिका, पलक, भावना, परवीन, वंशिका, सिमरन, जैसमिन, अंशुल, अंजलि, रागिनी, नंदिनी, हर्षित, श्रुति, मुस्कान, अभय, सुमित, वंश और पीयूष सहित 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

वहीं संहाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में होमगार्ड जवानों ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन विषय पर मॉक ड्रिल करके बचाव के तरीके बताए। प्रिंसीपल संदीप कुमार ने भी विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन विषय पर संबोधित किया।

# आपदा में ज्ञान व तत्परता ही सबसे बड़ा हथियार : मनीष

## भरवाईं में आपदा प्रबंधन टीम ने मनाया आपदा न्यूनीकरण पखवाड़ा

भरवाईं, 6 अक्तूबर (जुगल): आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं ने इंटरनैशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन पखवाड़ा के अंतर्गत मनाए जा रहे समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक की। बैठक में एस.डी.एम. देहरा शिल्पी बेक्टा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुईं तथा चिंतपूर्णी मंदिर के सुरक्षा अधिकारी कर्नल मनीष विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि 1 से 13 अक्तूबर तक आपदा न्यूनीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं व जिला कांगड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रियता से काम कर रही है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के जाने माने कवि एवं रिटायर्ड अध्यापक कुंदन भारद्वाज ने की। मुख्यातिथि शिल्पी बेक्टा ने कहा कि आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं का यह प्रयास सराहनीय है, जिससे चिंतपूर्णी क्षेत्र में आपदा न्यूनीकरण में सहायता मिलेगी। कर्नल मनीष ने भी कार्यक्रम की सराहना की तथा आपदा न्यूनीकरण व प्रबंधन को समय की जरूरत माना।

उन्होंने कहा कि आपदा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, क्योंकि आपदा का कोई समय नहीं होता। ऐसे में आपका ज्ञान व तत्परता ही सबसे बड़ा हथियार है। इस मौके पर रानी शर्मा, सुमित भारद्वाज, राजेश शर्मा, राजेश ठाकुर, शीतल केशव व मयंक शर्मा ने कविता पाठ के माध्यम से जनजागरूकता के संदेश दिए।

भरवाईं : आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं द्वारा समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बैठक के दौरान एस.डी.एम. देहरा शिल्पी बेक्टा के साथ टीम सदस्य व अन्य। (जुगल)

पंजाब केसरी WED,16 OCTOBER 2024
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1

# चताड़ा स्कूल में सामर्थ्य योजना बारे दी जानकारी

ऊना, 15 अक्तूबर (मनोहर): राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चताड़ा में मंगलवार को जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामर्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, मिशन वात्सल्य, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, बाल मजदूरी, बाल विवाह, पोक्सो एक्ट व एन.डी.पी.एस. एक्ट और नशे के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर उपप्रधानाचार्या रंजना सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह ने कहा कि सामर्थ्य योजना डी.सी. ऊना द्वारा चलाई जा रही है। इसके तहत 25 गरीब परिवारों की लड़कियों को 2 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। 25 प्रतिभाशाली लड़कियों, जिनके पिता नहीं हैं, उन्हें संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए कोचिंग दी जाएगी, जिसके लिए 1 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त 25 गरीब लड़के एवं लड़कियों को सेना में जाने के लिए परीक्षा की तैयारी के लिए 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इन तीनों योजनाओं के लिए वही बच्चे पात्र होंगे, जिनके पिता नहीं हैं और जिनकी सभी साधनों से वार्षिक आय 50 हजार रुपए से कम व ऊना का स्थायी निवासी हो।

ऊना : चताड़ा स्कूल में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह के साथ स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी सामूहिक चित्र में। (विनोद)

# आपदा प्रबंधन टीम ने मुछाली में करवाया जागरूकता कार्यक्रम

सवेरा न्यूज/नीना

बंगाणा 17 अक्तूबर: आपदा प्रबंधन टीम बंगाणा द्वारा ग्राम पंचायत मुछाली में एक विशेष आपदा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुछाली के उप-प्रधान अजय शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आपदा मित्र अक्षय शर्मा ने इस कार्यक्रम की अगुवाई की और उपस्थित लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अक्षय शर्मा ने कार्यक्रम में विशेष रूप से बाढ़ से सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की और भूस्खलन जैसी आपदाओं से बचाव के तरीकों को समझाया। इसके साथ ही उन्होंने लोगों को भूकंपरोधी मकानों का निर्माण करने की सलाह दी, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान अक्षय शर्मा ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन समिति समय-समय पर मॉकड्रिल और जागरूकता शिविरों का आयोजन करती रहती है, जिससे आपदा के समय लोग अपने और अपने आस-पास के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा, इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आपदाओं के समय त्वरित और सही प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करना है। ग्राम पंचायत उप-प्रधान अजय शर्मा ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से आयोजित इन जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लें और आपदा प्रबंधन के उपायों को समझें, ताकि आपदाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान को रोका जा सके। इस कार्यक्रम में सुनील कुमार, राजेश कुमार, हंस राज, जीत शर्मा, नीरज, कमल किशोर, नमन, प्रीतम चंद, नरेश ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे भविष्य में और भी अधिक व्यापक रूप से आयोजित करने की मांग की।

आपदा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में। (सतविन्दर लट्ठ)

# आपदा को लेकर जागरूकता के लिए लगाई कार्यशाला

गगरेट, 2 अक्तूबर (बृज): ल्यूमिनस उद्योग द्वारा अंकुर संस्था के माध्यम से चलाई जा रही लैंप छात्रवृत्ति योजना के लाभान्वित छात्रों के लिए आपदा को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उनको संकट और आपदा के बीच क्या अंतर होता है, के बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

उनको बताया कि सुरक्षित भवन निर्माण के समय क्या-क्या सावधानियां अपनानी चाहिए। अगर निर्माण कार्यों में ऐसी सतर्कता बरती जाए तो आपदा के आने का कोई खतरा नहीं रहता। अंकुर संस्था की प्रोजैक्ट मैनेजर मनीषा मिश्रा ने बताया कि घर का निर्माण करते समय हम सबको यह देखना चाहिए कि वहां आसपास कोई नदी-नाला न हो। पानी का अधिक बहाव आने वाले क्षेत्र में मकान का कभी निर्माण न करें। पहाड़ी पर व जहां पर पेड़ काटे जाने की संभावना हो, वहां भी निर्माण कार्य से बचना चाहिए। भूमि चयन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि भूमि का कोण 45 डिग्री से अधिक न हो। वहीं मिट्टी का परीक्षण भी करवाना चाहिए।

गगरेट : लैंप के छात्र कार्यशाला के बाद मनीषा मिश्रा के साथ सामूहिक चित्र में। (बृज)

# ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन के महत्व की दी जानकारी

अम्ब, 2 अक्तूबर (अश्विनी) : जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे समर्थ कार्यक्रम के तहत चिंतपूर्णी विकास समिति द्वारा विभिन्न पंचायतों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा चिंतपूर्णी विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आपदा स्वयंसेवियों के मार्गदर्शन में समर्थ कार्यक्रम में ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम राज्य स्तर पर 13 अक्तूबर तक समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक अश्विनी कुमार धीमान ने बताया कि इस जनजागरूकता का उद्देश्य भूकंप जोन-5 में सभी इमारतों का निर्माण भूकंप सुरक्षित भवनों (मैसनरी इमारतों का) के रूप में किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण इस बात पर विशेष जोर दे रहा है कि सभी नई इमारतों को भूकंपरोधी बनाया जाए, ताकि आपदा के दौरान जानमाल का नुकसान कम किया जा सके। इस दौरान उत्तम सीमैंट, मोर्टार विधि जिसमें उच्च गुणवत्ता वाली मिश्रित सामग्री का प्रयोग तथा भवन को मजबूती देने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया तथा भवन निर्माण प्रशिक्षित मिस्त्री अथवा अभियंता की देखरेख एवं सलाह द्वारा करने का आह्वान भी किया गया। उपस्थित ग्रामीणों को हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिला ऊना द्वारा जारी की गई सुरक्षित भवन निर्माण से संबंधित सरल दिशा-निर्देश व समर्थ कार्यक्रम की सामग्री का वितरण भी किया गया।

अम्ब : लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण से संबंधित सरल दिशा-निर्देश व समर्थ कार्यक्रम की सामग्री का वितरण करने के दौरान चिंतपूर्णी विकास समिति के स्वयंसेवी मनोज कौशिक व अन्य। (अश्विनी)

# लोगों को दिया गया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

संवाद सूत्र, जागरण • मैड़ी: ग्राम सभा की बैठकों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा चिंतपूर्णी विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्वयंसेवियों ने समर्थ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन के टिप्स दिए। कार्यक्रम राज्यस्तर पर 13 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक अश्विनी कुमार धीमान ने बताया कि जनजागरण का उद्देश्य भूकंप जोन पांच में सभी इमारतों का निर्माण भूकंप सुरक्षित भवनों के रूप में किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण इस बात पर विशेष जोर दे रहा है कि सभी नई इमारतों को भूकंप-रोधी बनाया जाए।

स्वयंसेवी अंजू, सोनी, दिनेश जसवाल सपौरी, मनोज कौशिक, आर्यन, कमल, अध्यक्ष चिंतपूर्णी विकास समिति शादी लाल एवं पंचायत प्रतिनिधियों में ग्राम पंचायत लोअर अंदौरा से प्रधान पंकज कौंडल, उपप्रधान जोगिंदर पाल, अपर अंदौरा से उपप्रधान शमशेर सिंह, कलरूही से प्रधान सुनीता देवी, उपप्रधान यशपाल शर्मा, कुठेड़ा खैरला से प्रधान शालिनी गोस्वामी, उपप्रधान राजकुमार धीमान, समाजसेवी शम्भू गोस्वामी, सपौरी से प्रधान चंचला देवी, उपप्रधान वकील सिंह तथा सभी पंचायतों के सचिव व अन्य लोग मौजूद रहे।

हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के स्वयंसेवी समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत प्रधानों व ग्रामीणों को जानकारी देते हुए • जागरण

हिमाचल

आपका फैसला TV

# भूकंपरोधी भवन निर्माण पर पांच दिवसीय जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

ऊना, (आपका फैसला)। ऊना जिला में भूकंपरोधी भवन निर्माण पर जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय जागरूकता अभियान शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अभियान के अंतिम दिन चिंतपूर्णी और पंजोआ में नुक्कड़ नाटकों के जरिए ग्रामीणों को भूकंपरोधी तकनीकों के महत्व और भवन निर्माण के सही तरीकों की जानकारी दी गई। इस पूरे अभियान का आयोजन समर्थ-2024 कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य नागरिकों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित भवन निर्माण को प्रोत्साहित करना था।

**भवन निर्माण में सही तकनीक और सावधानियों का पालन करना अत्यंत आवश्यक:उपायुक्त**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने इस अभियान के सफल समापन पर जानकारी देते हुए बताया कि पांच दिवसीय अभियान में जिला के सभी उपमंडलों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंपरोधी भवन निर्माण के लिए प्रयोग की जाने वाली तकनीकों, उचित गुणवत्ता वाली सामग्री और निर्माण के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में सही तकनीक और सावधानियों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी आपदा के समय होने वाले संभावित नुकसान को कम किया जा सके। उपायुक्त ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि भवन निर्माण या किसी भी प्रकार के संरचनात्मक बदलाव से पहले विशेषज्ञ अभियंता से परामर्श अवश्य लें। इससे न केवल भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान क्षति को कम किया जा सकेगा। इसके अलावा, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर भी जोर देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और स्वच्छ वातावरण में लोग रह सकें। 7 से 11 अक्तूबर तक चले इस अभियान के दौरान सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से संबद्ध नाट्य दलों ने ऊना जिले के पांचों उपमंडलों में 2-2 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों तक जागरूकता संदेश पहुंचाया गया। अंतिम दिन आरके कला मंच के कलाकारों ने अंब उपमंडल के तहत बस अड्डा चिंतपूर्णी और पंजोआ में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इसके माध्यम से ग्रामीणों को भूकंपरोधी भवन निर्माण से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई। इससे पहले, आरके कला मंच ने बंगाणा उपमंडल, पूर्वी कला मंच के कलाकारों ने ऊना और हरोली उपमंडल तथा सुरभि कला मंच के कलाकारों ने गगरेट उपमंडल में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। अभियान में शामिल सभी कलाकारों और विभागों की सराहना करते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि आपदा प्रबंधन के प्रति लोगों की जागरूकता और तैयारी बनी रहे।

# भवन निर्माण में सही तकनीक और सावधानियों का करें पालन : डी.सी.

## भूकंपरोधी भवन निर्माण पर 5 दिवसीय जागरूकता अभियान आयोजित

ऊना, 11 अक्तूबर (विशाल): ऊना जिला में भूकंपरोधी भवन निर्माण पर जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित 5 दिवसीय जागरूकता अभियान शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस अभियान के अंतिम दिन चिंतपूर्णी और पंजोआ में नुक्कड़ नाटकों के जरिए ग्रामीणों को भूकंपरोधी तकनीकों के महत्व और भवन निर्माण के सही तरीकों की जानकारी दी गई।

इस पूरे अभियान का आयोजन समर्थ-2024 कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य नागरिकों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित भवन निर्माण को प्रोत्साहित करना था।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डी.सी. जतिन लाल ने इस अभियान के समापन पर जानकारी देते हुए बताया कि 5 दिवसीय अभियान में जिला के सभी उपमंडलों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंपरोधी भवन निर्माण के लिए प्रयोग की जाने वाली तकनीकों, उचित गुणवत्ता वाली सामग्री और निर्माण के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में सही तकनीक और सावधानियों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी आपदा के समय होने वाले संभावित नुकसान को कम किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर भी जोर देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

इससे पहले आर.के. कला मंच ने बंगाणा उपमंडल, पूर्वी कला मंच के कलाकारों ने ऊना व हरोली उपमंडल तथा सुरभि कला मंच के कलाकारों ने गगरेट उपमंडल में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

पंजाब केसरी WED,02 OCTOBER 2024
EDITION: UNA KESARI,

# धलवाड़ी स्कूल में समर्थ कार्यक्रम शुरू

भरवाईं, 1 अक्तूबर (जुगल): राजकीय उच्च पाठशाला धलवाड़ी में आपदा मित्र संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में इंटरनैशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन सप्ताह के अंतर्गत समर्थ नामक कार्यक्रम की शुरूआत की गई। संदीप शर्मा ने बताया कि राज्य स्तर पर 1 से 13 अक्तूबर तक समर्थ कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को आपदाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।

मुख्याध्यापक सुधीर गौतम ने बताया कि समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत आपदा प्रबंधन हेतु राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी में प्रतिदिन गतिविधियां अमल में लाई जाएंगी जिसमें प्रार्थना सभा में आपदा प्रबंधन की जानकारी शिक्षकों द्वारा दी जाएगी। इस मौके पर भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई जाएगी, साथ ही फ्लैश फ्लड एवं भूकंप के दौरान बचाव कार्यों की मॉकड्रिल भी करवाई जाएगी।

# मुच्छाली में बताए आपदा से बचाव के तरीके

## आपदा मित्र अक्षय शर्मा ने की कार्यक्रम की अगुवाई

ऊना : मुच्छाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन की टीम ग्रामीणों व अन्य के साथ। (विनोद)

ऊना, 17 अक्तूबर (विशाल): आपदा प्रबंधन टीम बंगाणा द्वारा ग्राम पंचायत मुच्छाली में एक विशेष आपदा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुच्छाली के उपप्रधान अजय शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आपदा मित्र अक्षय शर्मा ने कार्यक्रम की अगुवाई की और उपस्थित लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

अक्षय शर्मा ने कार्यक्रम में विशेष रूप से बाढ़ से सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की और भूस्खलन जैसी आपदाओं से बचाव के तरीकों को समझाया। इसके साथ ही उन्होंने लोगों को भूकंपरोधी मकानों का निर्माण करने की सलाह दी ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुक्सान को कम किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान अक्षय शर्मा ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन समिति समय-समय पर मॉकड्रिल और जागरूकता शिविरों का आयोजन करती रहती है जिससे आपदा के समय लोग अपने और अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

ग्राम पंचायत उपप्रधान अजय शर्मा ने कहा कि प्रशासन की ओर से आयोजित इन जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लें और आपदा प्रबंधन के उपायों को समझें ताकि आपदाओं से होने वाले जान-माल के नुक्सान को रोका जा सके। कार्यक्रम में सुनील कुमार, राजेश कुमार, हंसराज, जीत शर्मा, नीरज, कमल किशोर, नमन, प्रीतम चंद व नरेश ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वाल्मीकि मंदिर अम्ब में भक्तजनों ने चढ़

CS Scanned with CamScanner

# भवन निर्माण से पहले विशेषज्ञ अभियंता से परामर्श अवश्य लें लोग : उपायुक्त

जतिन लाल • जागरण आर्काइव

जागरण संवाद केंद्र, ऊना : जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि भवन निर्माण या किसी भी प्रकार के संरचनात्मक बदलाव से पहले विशेषज्ञ अभियंता से परामर्श अवश्य लें। इससे न केवल भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान क्षति को कम किया जा सकेगा।

जिले में भूकंपरोधी भवन निर्माण पर जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय जागरूकता अभियान का शुक्रवार को समापन हुआ। अभियान के अंतिम दिन चिंतपूर्णी और पंजोआ में नुक्कड़ नाटकों के जरिए ग्रामीणों को भूकंपरोधी तकनीक के महत्व और भवन निर्माण के सही तरीकों की जानकारी दी गई। इस अभियान का आयोजन समर्थ-2024 कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना की ओर से किया गया। उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के सभी उपमंडलों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। भूकंपरोधी भवन निर्माण के लिए प्रयोग की जाने वाली तकनीक, उचित गुणवत्ता वाली सामग्री और निर्माण के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर जोर देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का भी आह्वान किया।

शुक्रवार को अंब उपमंडल के पंजोआ मे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भूकंपरोधी भवन निर्माण के संबंध मे जानकारी देते कलाकार • जागरण

**भूकंपरोधी भवन निर्माण पर पांच दिवसीय जागरूकता अभियान का समापन, उपायुक्त बोले-भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम**

सात से 11 अक्टूबर तक चले इस अभियान के दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध नाट्य दलों ने जिले के पांचों उपमंडलों में दो-दो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों तक जागरूकता का संदेश पहुंचाया गया। अंतिम दिन आरके कला मंच के कलाकारों ने अंब उपमंडल के तहत बस अड्डा चिंतपूर्णी और पंजोआ में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे।

# भरवाईं में मनाया आपदा न्यूनीकरण पखवाड़ा

संवाद सहयोगी, जागरण • चिंतपूर्णी : आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं ने अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत मनाए जा रहे समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत भरवाईं में बैठक की। इस बैठक में एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं तथा चिंतपूर्णी मंदिर के सुरक्षा अधिकारी कर्नल मनीष विशेष अतिथि उपस्थित रहे। आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि पहली से 13 अक्टूबर तक आपदा न्यूनीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का नाम समर्थ है, जिसके अंतर्गत विभिन्न पाठशालाओं में, बाजारों में तथा स्थानीय क्षेत्र में आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं के आपदा मित्र बच्चों और स्थानीय लोगों को आपदा न्यूनीकरण के महत्व एवं जरूरत के बारे में समझा रहे हैं। आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं जिला ऊना व जिला कांगड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रियता से काम कर रही है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के जाने-माने कवि एवं रिटायर्ड अध्यापक कुंदन भारद्वाज ने की। मुख्य अतिथि शिल्पी बेक्टा ने कहा कि आपदा प्रबंधन टीम भरवाईं का यह प्रयास सराहनीय है जिससे चिंतपूर्णी क्षेत्र में आपदा न्यूनीकरण में सहायता मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर होने वाली आपदाओं पर विस्तृत शोध करके उन आपदाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए।

रविवार को भरवाईं मे आपदा प्रबंधन टीम की ओर से आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि शिल्पी बेक्टा और टीम के सदस्य • जागरण

सेवानिवृत्त कर्नल मनीष ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की तथा आपदा न्यूनीकरण व प्रबंधन को समय की जरूरत माना। उन्होंने कहा कि आपदा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, क्योंकि आपदा का कोई समय नहीं होता। ऐसे में आपका ज्ञान व तत्परता ही सबसे बड़ा हथियार है। इस अवसर पर मैडम रानी शर्मा, सुमित भारद्वाज, राजेश शर्मा, राजेश ठाकुर, शीतल केशव व मयंक शर्मा ने कविता पाठ के माध्यम से जन जागरण के संदेश दिए।

# भूकंपरोधी भवन निर्माण पर पांच दिवसीय जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

नाटक करते कलाकार। सतविन्द्र लट्ठ

**सवेरा न्यूज/राजीव भनोट (ऊना) :** ऊना जिला में भूकंपरोधी भवन निर्माण पर जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय जागरूकता अभियान शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अभियान के अंतिम दिन चिंतपूर्णी और पंजोआ में नुक्कड़ नाटकों के जरिए ग्रामीणों को भूकंपरोधी तकनीकों के महत्व और भवन निर्माण के सही तरीकों की जानकारी दी गई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने इस अभियान के सफल समापन पर जानकारी देते हुए बताया कि पांच दिवसीय अभियान में जिला के सभी उपमंडलों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंपरोधी भवन निर्माण के लिए प्रयोग की जाने वाली तकनीकों, उचित गुणवत्ता वाली सामग्री और निर्माण के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई।

## भरवाईं स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण सप्ताह समर्थ कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम में बच्चों को जानकारियां देते हुए। सतविन्द्र लट्ठ

**सवेरा न्यूज/कपिल सूद (अम्ब) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला भरवाईं की आपदा प्रबंधन इकाई द्वारा विद्यालय प्रांगण में आपदा मित्र संदीप शर्मा और मयंक कुमार के मार्गदर्शन में इंटरनैशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन सप्ताह के अंतर्गत समर्थ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आपदा मित्र मयंक कुमार ने बच्चों को आपदा प्रबंधन के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर एक से 13 अक्तूबर तक समर्थ कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां होगी। वहीं प्रदर्शनी लगाकर आपदा के समय काम आने वाले यंत्रों के बारे में बताया ।स्कूल के उप प्रधानाचार्य सुरेंदर सिंह ने कहा कि समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत आपदा प्रबंधन पर प्रतिदिन गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। प्रार्थना सभा में शिक्षक विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दे रहे हैं। उप प्रधानाचार्य ने बताया कि आपदा मित्रों द्वारा स्कूली बच्चों को बहुमूल्य जानकारी उपलब्ध कराई और आपदा आने की स्थिति में कैसे रिस्पांस करना है। इस मौके पर पाठशाला के सभी विद्यार्थी एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## ऊना जिला 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' में अव्वल

ऊना, 14 अक्तूबर (सुरेन्द्र) : ऊना जिला 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अव्वल रहा है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस 'समर्थ-2024' के उपलक्ष्य पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिले के हरोली उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ की छात्रा चाहत और छात्र राजवीर को 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 10,000 रुपए नकद पुरस्कार, स्मृतिचिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह समारोह सोमवार को गेयटी थिएटर रिज मैदान शिमला में आयोजित किया गया। चाहत 9वीं कक्षा और राजवीर 7वीं कक्षा का छात्र है। पुरस्कृत 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' को दोनों ने मिलकर तैयार किया था।

उल्लेखनीय है कि समर्थ-2024 अभियान के तहत आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों के शिक्षण संस्थानों में स्कूली और कालेज वर्ग में जूनियर और सीनियर श्रेणियों में 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मॉडल का चयन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा गया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 7 अक्तूबर को सैंटर फॉर साइंस लर्निंग एंड क्रिएटिविटी साइंस म्यूजियम शोघी में हुई, जिसमें सभी 12 जिलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कांगड़ स्कूल की चाहत और राजवीर ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि चम्बा की टीम ने द्वितीय और कुल्लू के दल ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को क्रमशः 10,000, 7,500 और 5,000 रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। जिला नोडल अधिकारी (इम्पायर) पुष्पा रानी इस प्रतियोगिता में टीम ऊना के साथ रहीं।

कांगड़ स्कूल की प्राचार्य स्नेह लता, विज्ञान अध्यापिका मीना राणा और स्कूल स्टाफ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सभी के लिए गर्व का विषय बताया। उपायुक्त जतिन लाल ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि इन युवा प्रतिभाओं ने न केवल अपने स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे जिले को प्रेरित किया है।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण समर्थ कार्यक्रम के तहत चिंतपूर्णी विकास समिति द्वारा जागरुकता शिविरों का किया आयोजन

**जोल, (आपका फैसला)।** जिला ऊना में ग्राम सभा की विभिन्न पंचायतों की विशेष सभाओं में जिलाआपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा चिंतपूर्णी विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में चिंतपूर्णी विकास समिति द्वारा आपदा स्वयंसेवियों के मार्गदर्शन में समर्थ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आपदा स्वयंसेवियों ने विभिन्न पंचायतों की विशेष सभाओं में ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम राज्य स्तर पर 13 अक्तूबर तक समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक अश्वनी कुमार धीमान ने बताया कि इस जनजागरण का उद्देश्य भूकंप जोन -5 में सभी इमारतों का निर्माण भूकंप सुरक्षित भवनों (मेसनरी इमारतों का) के रूप में किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण इस बात पर विशेष जोर दे रहा है कि सभी नई इमारतों को भूकंपरोधी बनाया जाए ताकि आपदा के दौरान जान माल का नुकसान कम किया जा सके इस दौरान उत्तम सीमेंट मोर्टार विधि जिसमें उच्च गुणवत्ता वाली मिश्रित सामग्री का प्रयोग तथा भवन को मजबूती देने के तरीक़ों के बारे में जागरूक किया गया तथा भवन निर्माण प्रशिक्षित मिस्त्री अथवा अभियंता की देखरेख एवं सलाह के द्वारा करने का आह्वान भी किया गया 7 उपस्थित ग्रामीणों से संबंधित विषय के बारे में जरूरी विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से गांव वासियों ने जिसमें लोअर अंदौरा में 162, अप्पर अंदौरा 182, कलरूही में 98 तथा कुठेड़ा खैरला में 168 ग्राम पंचायत सपोरी से 111 ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई। उपस्थित ग्रामीणों को हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिला उन्ना द्वारा जारी की गयी सुरक्षित भवन निर्माण से संबंधित सरल दिशा-निर्देश, समर्थ सामग्री का वित्तरण भी किया गया इस जनजागरण अभियान के दौरान विशेष रूप से चिंतपूर्णी विकास समिति के स्वयंसेवियों में अंजू सोनी,दिनेश जसवाल सपोरी, मनोज कौशिक, आर्यन, कमल, अध्यक्ष चिंतपूर्णी विकास समिति शादी लाल एवं पंचायत प्रतिनिधियों में ग्राम पंचायत लोअर अंदौरा से प्रधान पंकज कौंडल, उप-प्रधान जोगिंदर पाल अप्पर अंदौरा से उप-प्रधान शमशेर सिंह कलरूही से प्रधान सुनीता देवी, उप- प्रधान यशपाल शर्मा , ग्राम पंचायत कुठेड़ा खैरला से प्रधान शालिनी गोस्वामी, उप-प्रधान राजकुमार धीमान, समाजसेवी शम्भू गोस्वामी, सपोरी ग्राम पंचायत से प्रधान चंचला देवी, उप-प्रधान वकील सिंह तथा सभी पंचायतों के सचिव व पंचायत सदस्यों ने एवं पंचायत के लगभग 721 ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## दिनभर न्यूज़

02/10/2024

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण *"समर्थ"* कार्यक्रम के तहत चिंतपूर्णी विकास समिति द्वारा जागरूकता शिवरों का किया आयोजन

ऊना। आज ग्राम सभा की विभिन्न पंचायतों की विशेष सभाओं की बैठकों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा चिंतपूर्णी विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में चिंतपूर्णी विकास समिति के आपदा स्वयंसेवियों के मार्गदर्शन में *"समर्थ"* कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आपदा स्वयंसेवियों ने विभिन्न पंचायतों की विशेष सभाओं में ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम राज्य स्तर पर 13 अक्तूबर तक समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक अश्वनी कुमार धीमान ने बताया कि इस जनजागरण का उद्देश्य भूकंप जोन -5 में सभी इमारतों का निर्माण भूकंप सुरक्षित भवनों (मेसनरी इमारतों का) के रूप में किया जाना सुनिश्चित किया जाना है । हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण इस बात पर विशेष जोर दे रहा है कि सभी नई इमारतों को भूकंपरोधी बनाया जाए ताकि आपदा के दौरान जान माल का नुकसान कम किया जा सके इस दौरान उत्तम सीमेंट मोर्टार विधि जिसमें उच्च गुणवत्ता वाली मिश्रित सामग्री का प्रयोग तथा भवन को मजबूती देने के तरीक़ों के बारे में जागरूक किया गया तथा भवन निर्माण प्रशिक्षित मिस्त्री अथवा अभियंता की देखरेख एवं सलाह के द्वारा करने का आह्वान भी किया गया । उपस्थित ग्रामीणों से संबंधित विषय के बारे में जरूरी विस्तृत चर्चा की गई । इस कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से जिसमें लोअर अंदौरा में 162 , अप्पर अंदौरा 182 , कलरूही में 98 तथा कुठेड़ा खैरला में 168 ग्राम पंचायत सपोरी से 111 ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई । उपस्थित ग्रामीणों को हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिला उन्ना द्वारा जारी की गयी सुरक्षित भवन निर्माण से संबंधित सरल दिशा-निर्देश, "समर्थ" सामग्री का वितरण भी किया गया इस जनजागरण अभियान के दौरान विशेष रूप से चिंतपूर्णी विकास समिति के स्वयंसेवियों में अंजू सोनी,दिनेश जसवाल सपोरी, मनोज कौशिक, , आर्यन, कमल , अध्यक्ष चिंतपूर्णी विकास समिति शादी लाल एवं पंचायत प्रतिनिधियों में ग्राम पंचायत लोअर अंदौरा से प्रधान पंकज कौंडल , उप-प्रधान जोगिंदर पाल अप्पर अंदौरा से उप-प्रधान शमशेर सिंह कलरूही से प्रधान सुनीता देवी, उप- प्रधान यशपाल शर्मा , ग्राम पंचायत कुठेड़ा खैरला से प्रधान शालिनी गोस्वामी, उप-प्रधान राजकुमार धीमान, समाजसेवी शम्भू गोस्वामी , सपोरी ग्राम पंचायत से प्रधान चंचला देवी, उप-प्रधान वकील सिंह तथा सभी पंचायतों के सचिव व पंचायत सदस्यों ने एवं पंचायत के लगभग 721 ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का जागरूकता शिविर

जागरूकता शिविर में पुचायतों के प्रतिनिधि । सतविन्द्र लट्ठ

**सवेरा न्यूज/कपिल सूद अम्ब,** : ग्राम सभा की विभिन्न पंचायतों की विशेष सभाओं की बैठकों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा चिंतपूर्णी विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में चिंतपूर्णी विकास समिति के आपदा स्वयंसेवियों के मार्गदर्शन में 'समर्थ' कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आपदा स्वयंसेवियों ने विभिन्न पंचायतों की विशेष सभाओं में ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम राज्य स्तर पर 13 अक्तूबर तक समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक अश्वनी कुमार धीमान ने बताया कि इस जनजागरण का उद्देश्य भूकंप जोन -5 में सभी इमारतों का निर्माण भूकंप सुरक्षित भवनों के रूप में किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। जनजागरण अभियान के दौरान विशेष रूप से चिंतपूर्णी विकास समिति के स्वयंसेवियों में अंजू सोनी, दिनेश जसवाल सपोरी, मनोज कौशिक,, आर्यन, कमल , अध्यक्ष चिंतपूर्णी विकास समिति शादी लाल एवं पंचायत प्रतिनिधियों में ग्राम पंचायत लोअर अंदौरा से प्रधान पंकज कौंडल, उप-प्रधान जोगिंदर पाल,अप्पर अंदौरा से उप-प्रधान शमशेर सिंह कलरूही से प्रधान सुनीता देवी, उप- प्रधान यशपाल शर्मा , ग्राम पंचायत कुठेड़ा खैरला से प्रधान शालिनी गोस्वामी, उप-प्रधान राजकुमार धीमान, समाजसेवी शम्भू गोस्वामी तथा सभी पंचायतों के सचिव व पंचायत सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।